Seat No. : _______________

MA-II-09

April-2007

Hindi (Principal)

Paper-V

आधुनिक हिन्दी काव्य

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

सूचना : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(क) भिखारी सब
बजाते गाल, बगलें,
फाड़ते आकाश :
सकुचाता, सहमता, चुपचाप
पथ से गुजरता दाता ।

अथवा

धन्ये मैं पिता निरर्थक था,
कुछ भी तेरे हित कर न सका !
जाना तो अर्थागमोपाय,
पर रहा सदा संकुचित-काय
लख कर अनर्थ आर्थिक पथ पर
हारता रहा मैं स्वार्थ-समर ।

(ख) भूल (आलमगीर)
मेरी आपकी कमजोरियों के स्याह
लोहे का ज़िरहबख्तर पहन, खूँख्वार
हाँ, खूँख्वार आलीजाह ;
वो आँखें सचाई की निकाले डालता,
सब बस्तियाँ दिल की उजाड़े डालता,
करता, हमें वह घेर,
बेबुनियाद, बेसिर-पैर ......
हम सब कैद हैं उसके चमकते ताम-झाम में
शाही-मुकाम में !!

अथवा

काम और तुम, तुम और काम
जैसे रात के चार-पाँच घंटो के लिए ही
दो मित्रों में कुट्टी होती है
कभी-कभी मजाक में कहती हो
मेरी कभी नहीं होती, सबकी छुट्टी होती है
और तुम्हारा मजाक
जैसे छिपकर कहीं रो पड़ता है

(ग) तप नहीं केवल जीवन-सत्य, करुण यह क्षणिक दीन अवसाद,
तरल आकांक्षा से है भरा – सो रहा आशा का आह्लाद ।
प्रकृति के यौवन का शृंगार करेंगे कभी न बासी फूल,
मिलेंगे वे जाकर अति शीघ्र आह उत्सुक है उनकी धूल ।

अथवा

दाह मात्र ही नहीं, प्रेम होता है अमृत-शिखा भी,
नारी जब देखती पुरुष को इच्छा-भरे नयन से,
नहीं जगाती है केवल उद्वेलन, अनल रुधिर में,
मन में किसी कान्त कवि को भी जन्म दिया करती है ।

2. पठित कविताओं के आधार पर रामदरश मिश्र के मानवतावादी दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

'मुक्तिबोध फैंटेसी टेकनीक का प्रयोग करके अपनी कविता में व्यापक परिदृश्य प्रस्तुत कर सके हैं ।' इस कथन के आधार पर मुक्तिबोध की कविता की विशेषताएँ बताइए ।

3. नयी कविता के कवि के रूप में अज्ञेय की कविता का मूल्यांकन कीजिए ।

अथवा

'कामायनी' के पात्रों की प्रतीकात्मकता पर अपने विचार तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत कीजिए ।

4. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

क	'उर्वशी' का पुरुरवा	**अथवा**	औशीनरी
ख	राम की शक्तिपूजा में ओजगुण	**अथवा**	'जुही की कली' में प्रकृति का मानवीकरण
ग	मुक्तिबोध की प्रतीक योजना	**अथवा**	'कामायनी' का प्रलय वर्णन
घ	'असाध्य वीणा' का प्रियंवद	**अथवा**	राजधानी एक्सप्रेस की प्रतीकात्मकता

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए :

1. च्यवन ऋषि की पत्नी का क्या नाम है ?
2. 'उर्वशी' के तृतीय अंक में पुरुरवा-उर्वशी किस पर्वत पर मिलते हैं ?
3. 'निराला: आत्महन्ता आस्था' ग्रंथ के लेखक कौन हैं ?
4. मुक्तिबोध की किस पुस्तक पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था ?
5. 'प्रतिनिधि कविताएँ – मुक्तिबोध' का किसने संपादन किया है ?
6. मुक्तिबोध के कामायनी से संबंधित आलोचना ग्रंथ का नाम लिखिए ।
7. अज्ञेय के संपादन में प्रकाशित चार सप्तकों में से उनकी कविताएँ किसमें प्रकाशित हुईं ?
8. अज्ञेय का पहला कविता संग्रह कौन सा है ?
9. 'कामायनी' में कितने सर्ग हैं ?
10. सारस्वत प्रदेश की रानी का नाम बताइए ।
11. नील परिधान बीच सुकुमार, खिल रहा मृदुल अधखुला अंग-में किसके रूप का वर्णन है ?

    (क) इड़ा

    (ख) श्रद्धा

    (ग) लज्जा

    (घ) चिंता

12. 'कामायनी' के अंतिम सर्ग का क्या नाम है ?

    (क) दर्शन

    (ख) निर्वेद

    (ग) रहस्य

    (घ) इनमें से कोई नहीं

13. इनमें से कौन सी रचना रामदरश मिश्र की नहीं है ?

    (क) पथ के गीत

    (ख) कंधे पर सूरज

    (ग) पता नहीं

    (घ) सागर और मैं

14. रामदरश मिश्र किस आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़े थे ?

    (क) प्रयोगवाद

    (ख) नयी कविता

    (ग) नवगीत

    (घ) इनमें से कोई नहीं

15. इनमें से किस कवि का गुजरात के साथ गहरा आत्मीय संबंध रहा है ?

(क) निराला

(ख) अज्ञेय

(ग) रामदरश मिश्र

(घ) दिनकर

16. इनमें से कौन सी कविता अज्ञेय की नहीं है ?

(क) दाता और भिखारी

(ख) बावरा अहेरी

(ग) फिर वही लोग

(घ) इनमें से कोई नहीं

17. 'बनाया है मैने यह घर धीरे-धीरे ......' किस कवि की पंक्ति है ?

(क) दिनकर

(ख) अज्ञेय

(ग) निराला

(घ) रामदरश मिश्र

18. इनमें से निराला की कौन-सी रचना नहीं है ?

(क) कुकुरमुत्ता

(ख) सरोज-स्मृति

(ग) कुरूक्षेत्र

(घ) तुलसीदास

19. इनमें से मुक्तिबोध की कौन सी कविता नहीं है ?

(क) ब्रह्मराक्षस

(ख) हिरोशिमा

(ग) अँधेरे में

(घ) इसी बैलगाड़ी में

20. 'प्रिय पाठक ! यो मेरी वाणी भी मौन हुई ।' किस कविता की अंतिम पंक्ति है ?

(क) नाच

(ख) बावरा अहेरी

(ग) असाध्य वीणा

(घ) इनमें से कोई नहीं